मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू विश्वविद्यालय को राजभाषा पुरस्कार

केन्द्र सरकार की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(केन्द्र सरकार कार्यालय-1), हैदराबाद की दसवीं अर्धवार्षिक बैठक दिनांक.30.09.2021 को राष्ट्रीय त्वचा रोग यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में श्री.के.पी.शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), दक्षिण क्षेत्र कार्यालय, बेंगलुरू, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित रहे।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) द्वारा वर्ष 2020-21 में राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन के लिए मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, हैदराबाद को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार मुख्य अतिथि श्री.के.पी.शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), दक्षिण क्षेत्र कार्यालय द्वारा डॉ.शगुफ़्ता परवीन, हिन्दी अधिकारी,मानू ने ग्रहण किया । उर्दू विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो.सिद्दीकी मो.महमूद ने इसे गर्व का विषय बताया। मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. सय्यद ऐनुल हसन तथा सम-कुलपति प्रो.एस.एम.रहमतुल्लाह ने विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

विश्वविद्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन के लिए राजभाषा पुरस्कार